एक नजर में

सब जेल कसरावद में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

कसरावद। गुरुवार को सब जेल कसरावद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अखिलेश जोशी द्वारा बंदीयो को उनके कानूनी अधिकार के बारे में बताया साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निशुल्क वकील एवं अन्य सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई न्यायाधीश द्वारा बंधिया से खाने-पीने एवं अन्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली गई सारी व्यवस्थाएं सुचारू एवं सही पाई गई कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा अधिकारी श्री चंद्रेश मंडलोई जी द्वारा कियागया कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई, पैरा लीगल वालंटियर आकिल खान, जेल स्टाफ एवं बन्दी मौजूद रहे न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन ने जेलभंडार गृह एवं ऑनलाइन पेशी कक्षा का निरीक्षण किया गया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पंचायत परिसर में त्रिवेणी लगाकर की पौधरोपण की शुरुआत

कसरावद। कसरावद के ग्राम पंचायत गोपालपुरा के परिसर में एसडीएम सत्येंद्र बेरवा की के नेतृत्व में नीम, बरगद व पीपल त्रिवेणी के पौधे से कि पौधे लगाने की शुरुआत करीबन 200 पौधे पंचायत परिसर के आसपास लगाए गए। सरपंच प्रतिनिधि देवराम यादव ने बताया पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग एवं पौधों को पानी मिले इसके लिए ड्रिप व्यवस्था भी की जाएगी त्रिवेणी पौधों से ग्राम पंचायत गोपालपुरा परिसर में ग्राम वासियों को गर्मी के मौसम में छाया मिलेगी। पंचायत भवन की सुंदरता भी देखने योग्य रहेगी। एवं शुद्ध वायु मानव जीवन की पहली आवश्यकता है। इस अवसर पर एसडीएम सत्येंद्र बेरवा, बीईओ निंगवाल, सरपंच प्रतिनिधि देवराम यादव, उपसरपंच सदाशिव यादव, सचिव मुन्नालाल सिसोदिया, उपयंत्री अनुराज मौर्य, रोजगार सहायक कालूराम यादव, एवं गोपालपुरा, करौंदिया, नवलपुरा समस्त ग्रामवासी लोग मौजूद रहे।

शीतला सप्तमी पर पूजे गए वैशाख नंदन, चुल्हे में रखे आम के पत्ते

खरगोन। श्रावण मास शुक्ल पक्ष सप्तमी को बाकीमाता मंदिर में शीतला माता पूजन के साथ परम्परागत रूप से किया गया। यहां माता की सवारी वैशाख नंदन की महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। पंडित कृष्णकांत जोशी ने बताया कि माता के वाहन की प्राचीन पीतल प्रतिमा की पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर पुजारी रामकृष्ण भट्ट ने बताया कि निमाड़ में शीतला पूजन का साल में दो बार विशेष रुप से मनाया जाता है। चैत्र मास में कृष्ण पक्ष और फिर श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की सप्तमी, इसके साथ ही विवाह प्रसंग पर भी वर- वधु एवं पूजन करते हैं। गुरुवार सप्तमी को अनेक परिवारों में चूल्हे में आम का पौधा रख पूजा की गई। मान्यता है कि घर या बाहर किसी भी तरह की पूजा या धार्मिक अनुष्ठान आम के पत्ते, पूजा .पाठ के हवन में शामिल भी किया जाता है। आम की पत्तियों को शुभ और मांगलिक कार्यों में प्रयोग किया जाता। पूर्व में मिट्टी के चूल्हे प्रचलित थे अब गैस चूल्हे में आम के पौधे रख पूजा की गई।

महिलाओं को अंकुरित पौधों का वितरण

खरगोन। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नावांकुर संस्था अंदड द्वारा नावांकुर सखी कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से उनका योगदान बढ़ाने के लिए नावांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अंदड ने महिलाओं को अंकुरित किए पौधों का वितरण किया इस अवसर पर जिला समन्वयक विजय शर्मा , अंजना जोशी प्रिती शर्मा डॉ उमाशंकर गणेश जी यादव नन्नू वर्मा यशवंत यादव रितुराज एवं गणमान्य नागरिक श्री राम मंदिर में एकत्रित हुए अंकुरित पौधों का वितरण किया गया।

डीएसपी चौहान को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई, एसपी ने की सेवा कार्यों की सराहना

खरगोन। पुलिस विभाग में बतौर डीएसपी के पद पर पदस्थ राधेश्याम चौहान को गुरुवार सेवानिवृत्ति पर समारोहपूर्वक विदाई की गई। श्री चौहान ने पुलिस विभाग में 43 वर्षों तक सेवाएं दी है।

एसपी कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान एसपी धर्मराज मीना, एएसपी शकुंतला रुहल, रक्षित निरीक्षक सौरभ कुशवाह आदि ने श्री चौहान को पुष्पगुच्छ भेंट करने के साथ ही मिठाई खिलाकर उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए विदाई दी। एसपी ने कहा आज हम एक ऐसे व्यक्ति को विदाई दे रहे हैं, जिन्होंने अपने काम और समर्पण से हम सभी को प्रेरित किया है। पिछले कई वर्षों से, डीएसपी चौहान ने पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहते हुए, उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी सेवानिवृत्ति पर उनके सुखद और स्वस्थ भविष्य की कामना करते हैं। हमें आशा करते है कि वे अपने सेवानिवृत्ति जीवन का भरपूर आनंद लेंगे और स्वस्थ रहेंगे। समारोह के एसपी ने शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्री चौहान का परिवार भी मौजूद रहा।

अवैध संबंधों की शंका में पिता- पुत्र ने की थी हत्या

बेटे को आजीवन कारावास पिता को 4 वर्ष की सजा

नवभारत न्यूज

खरगोन। अवैध संबंधों के संदेश में हत्या करने वाले पिता- पुत्र को न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर दंडित किया है। जघन्य एवं सनसनीखेज अपराध को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास तथा उसके पिता को चार वर्ष के कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई है। यह हत्या 18 फरवरी 2022 को बैडियां थानाक्षेत्र में की गई थी।

प्रकरण में पैरवीकर्ता डीपीओ महेन्द्र भानुप्रिया, विशेष लोक अभियोजन अधिकारी मण्डलेश्वर विजय जमरा ने बताया कि 18 फरवरी 2022 को श्रीमती गीताबाई भिलाला ने थाने पर सूचना दी थी, उसके पति सीताराम दीपक गुर्जर का शव रूपनु नाले की पुलिया के नीचे लहुलुहान हालत में पड़ा हुआ है। वह खेत में गेहूं फसल को पानी देने गए थे। शव के पास मृतक की बाईक भी खड़ी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु की थी। शरीर पर चोंटे निशान और खून नजर आने पर हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

प्रकरण में तत्कालीन थाना प्रभारी ने मर्ग जांच के दौरान बारीकि से अनुसंधान किया, जिसमें दीपक पिता कडवाजी मानकर और उसके पिता कडवाजी पिता गोकुल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था।

हत्या का मुख्य आरोपी दीपक था

प्रकरण में आरोपियों ने मृतक सीताराम के अवैध संबंध से नाराज होकर हत्या करने का अपराध कबूला था। इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी दीपक था, जिसने अवैध संबंधों के चलते खुद को अपमानित महसूस करते हुए आक्रोशित होकर सीताराम को पकड़कर उसके साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में उसके पिता कड़वा ने भी मदद की थी। पुलिस ने प्रकरण को जघन्य, सनसनीखेज एवं चिन्हित श्रेणी में शामिल करते हुए आवश्यक अनुसंधान के के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। जहां विचारण उपरांत विशेष न्यायाधीश मण्डलेश्वर ने आरोपी दीपक पिता कड़वाजी को आजीवन कारावास व 3 हजार रूपये जुर्माना एवं कड़वा पिता गोकुल को चार वर्ष का कारावास व 2 हजार रुपये के जुर्माना से दण्डित किया है।

पंचमुखी हनुमानजी महाराज का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

नवभारत न्यूज

कसरावद, निप्र। नगर के श्री साई मंदिर परिसर में विराजे श्री कष्ट भंजन पंचमुखी हनुमान जी महाराज भव्य, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ। बुधवार को पांच दिवसीय प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव विद्वान आचार्यों की उपस्थति में विधी विधान पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति हुई।

नगर से दो किलोमीटर दूर कसरावद व छोटी कसरावद के मध्य में स्थित श्री साई मंदिर परिसर में श्री कष्ट भंजन पंचमुखी हनुमान जी महाराज कि प्राण प्रतिष्ठा साई मंदिर परिसर मे संपन्न हुई है। धार्मिक अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दौ.ड़ महाराष्ट्र से पधारे विद्वान आचार्य वैभव महाराज के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कि मुख्य पूजा कि गई। इस दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन पूजन के लिए पहुचें।

इस कार्यक्रम मे जिन भक्तों ने भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया है, उनका साई मंदिर समिति ने आभार व्यक्त किया और महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए वेद आचार्यों का भी सम्मान किया गया।

वेद आचार्यो का सम्मान किया

श्री साई मंदिर परिसर में पूर्व समय मे भगवान शिव जी परिवार सहित विराजे, श्री पंचमुखी नाग देवता, ओर अब श्री कष्ट भंजन पंचमुखी हनुमान जी महाराज की भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तत्पश्चात अब श्री हनुमान जी महाराज भी विराजे, मंदिर समिति सदस्यों ने बताया कि परम पूज्य संत श्री फौजी बाबा का स्वास्थ खराब होने से वे ओर उनके शिष्य महामण्डलेश्वर श्री त्यागी महाराज उपरोक्त कार्यक्रम मे शामिल नहीं हो सके द्य आयोजन मे खरगोन, इंदौर,खण्डवा, कसरावद, छोटी कसरावद आदि स्थानों से भक्त शामिल हुए। प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान साई मंदिर समिति अध्यक्ष योगेन्द्र श्रीवास, गणपति कुशवाह, सुनील वघेला, डॉ शिरीष जायसवाल,राकेश जायसवाल , राजेश यादव, मोनू अग्रवाल और संजय गुप्ता खरगोन थे।

क्रमोन्नति सहित अन्य समस्याओं को लेकर राज्य शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

खरगोन। जिले में कार्यरत शिक्षक संवर्ग की समस्याओं का निराकरण को लेकर राज्य शिक्षक संघ द्वारा सहायक संचालक श्रीमती कविता आर्य को ज्ञापन सौंपा गया।

राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रभुराम मालवीया, जिला अध्यक्ष अमित शर्मा, अर्चना गुप्ता, बीर डी इंगले, संतोष जायसवाल, कृष्णराज राठौर आदि ने बताया कि जुलाई 2013 में नियुक्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक जिनकी सेवा अवधि के 12 वर्ष पूर्ण हो गई है, उन्हें क्रमोन्नति का लाभ देने के आदेश जारी किए जाए। 2022 में नियुक्त प्राथमिकए माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक जिनकी परिवीक्षा अवधि पूर्ण हो गई उन्हें नियमित करने के आदेश जारी किए जाए। जैसी मांगें की गई। इसके अलावा सितंबर 2022 में झिरनिया ब्लॉक के 125 से अधिक शिक्षकों की सार्थक उपस्थिति के नाम से वेतन काट लिया गया था। काटे गए वेतन के भुगतान की मांग की गई। सांदीपनि स्कूल टेमला में उच्च माध्यमिक शिक्षक संतोष जायसवाल जो हिंदी विषय के है। प्राचार्य द्वारा कक्षा 11 वीं 12 वीं में अध्यापन कार्य न देकर 6 से 8 में अध्याप कराया जा रहा है, जबकि उनकी जगह अथिति शिक्षक एवं अन्य विषय के शिक्षकों को 11 वी 12 वी में अध्यापन करवाया जा रहा है। जायसवाल ने प्राचार्य पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस दौरान बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं शिक्षक मौजूद थे।

आदित्य विद्या विहार हा .से . स्कूल के छात्र ने इंग्लिश एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में बाजी मारी

नवभारत न्यूज

खरगोन। शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था आदित्य विद्या विहार हा.से. स्कूल, खंडवा रोड़, खरगोन की छात्राओं ने निमाड़ सहोदया द्वारा आयोजित गुरूकुल स्कूल, धामनोद जिला धार में इंग्लिश एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता (इंग्लिश तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता) में गोल्ड पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरान्वित किया।

उक्त प्रतियोगिता में जिले की 19 विद्यालय के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुये। जिसमें से आदित्य विद्या विहार स्कूल, खरगोन की छात्रा गरिमा पांडे ने स्वर्ण पदक एवं जैसल पगारे प्रशस्ति पत्र प्राप्त कियें।

विद्यालय संचालक एवं शहर के प्रतिष्ठित सीए अनिल रघुवंशी ने विद्यालय के छात्राओं को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि एक सफल भाषण प्रदर्शन के लिए एक सुविचारित भाषण आवश्यक है। यह स्पष्ट परिचय, मुख्य भाग और निष्कर्ष के साथ तार्किक रूप से संरचित होना चाहिए। अपने भाषण की शुरुआत एक प्रभावशाली प्रस्तावना से करें जो श्रोताओं का ध्यान आकर्षित करें।

उक्त प्रतियोंगिता में विद्यालय के वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक श्री रणोबीर दत्ता के मार्गदर्शन में उक्त छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभागी बनकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं खरगोन जिले का नाम रोशन किया।

विद्यालय द्वारा विजयी छात्रों को विद्यालय में सम्मान भी किया गया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय संचालक पुरूषोत्तम रघुवंशी प्राचार्य अमन सचान एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों बधाई संदेश प्रेषित किये गये।

जनजातीय मातृशक्ति द्वारा धर्म जागरण हेतु निकाली कलश व कावड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

बिस्टान निप्र। ग्राम बलवाड़ी से मोहना तक धर्म जागरण कलश व कावड़ यात्रा निकाली गई जिसमें मातृशक्ति के साथ बड़ी संख्या ग्रामीण शामिल हुए। यात्रा में मातृशक्ति सिर पर कलश धारण कर एवं हाथों में ध्वज लेकर बोल बम एवं धर्म की रक्षा करने के नारे लगाते हुए चल रही थी।

भारती दीदी ने बताया कि ग्राम पंचायत मोहना की सरपंच गांजा डाबर द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में विधर्मियो द्वारा ग्रामीण अंचलों में बसे हमारे जनजातीय समाज के भोले भाले लोगों को विभिन्न प्रकार के लालच एवं प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। इसलिए अपने हिंदुत्व को बचाने के लिए सरपंच गांजा डावर ,महिमाराम डावर द्वारा सावन माह में दुसरे वर्ष भी बड़ी धूमधाम से बलवाड़ी के महादेव मंदिर से मोहना स्थित अति प्राचीन महाकालेश्वर मंदिर तक यह भव्य कलश व कावड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा का रास्ते में जगह जगह पर पुष्प वर्षा जल सेवा , फलाहारी अल्पाहार और ककड़ी आदि से स्वागत किया गया।

इस भव्य कलश व कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या मे एवं ग्रामीण जन शामिल हुए। अंत में समापन स्थल पर समरसता भोज का आयोजन भी रखा गया।

मांडवखेड़ा व कुंवर जी फल्या के 248 लोगों को आयुष्मान कार्ड का वितरण

बिस्टान नि प्र । ग्राम पंचायत मांडवखेड़ा की बसाहट कुंवर जी फल्या में निवासरत 248 लोगों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। माध्यमिक शिक्षक रफीक बेग मिर्जा ने बताया कि 5 लाख का मुफ्त उपचार करने के लिए शासन द्वारा प्रदाय किया गया आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को वितरित किए। आयुष्मान कार्ड मिलने के बाद अब आवश्यकता पड़ने पर 5 लाख का मुफ्त उपचार उपलब्ध हो पाएगा।

कार्ड मिलते ही खिले चेहरे

कार्ड मिलने पर ग्राम के प्रकाश पटेल, नंदनी पटेल, सावन पटेल, सुमित पटेल, शिवानी पटेल, शीतल पटेल ने आयुष्मान कार्ड प्राप्त होने पर हर्ष जताया। ग्राम के हिम्मत वास्कले, प्रतिभा वास्कले सल्लू वास्कले, पार्वती बाई वास्कले और हिम्मत वास्कले, राकेश पिता गंगाराम वास्कले ने चंचल वास्कले, वैशाली वास्कले , काजल वास्कले, अरुण वास्कले , राकेश वास्कले अमृता वास्कले आदि ने शासन की आयुष्मान योजना की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक रवि राठौर, रमेश एसके,दिलीप चौहान, मूनसिंह जाधव, सिकराम पंवार,जमना बरडे, रफीक बेग मिर्जा, हिम्मत वास्कले, प्रकाश पटेल, राकेश वास्कले सहित ग्रामीण जन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एक नजर में

खरगोन पुलिस के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूप में आयोजित किया एक दिवसीय सेमीनार

समाज के कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशीलता के विषय पर चर्चा

नवभारत न्यूज

खरगोन। पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने तथा उनके अधिकारों और समस्याओं के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण एवं सेमिनार आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 31.07.2025 को पुलिस कंट्रोल रूम खरगोन में पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीना के निर्देशन व अति.पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में समाज की कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीना द्वारा किया गया, उन्होंने सेमिनार में मौजूद अभियोजन, जनजाति विभाग एवं पुलिस विभाग से भारतीय संविधान की उद्देशिका का उल्लेख करते हुए समाज के कमजोर वर्गों—जैसे महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, दिव्यांग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग—के प्रति संवेदनशीलता रखने और उनके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सेमिनार के दौरान लोक अभियोजन अधिकारी सरिता चौहान ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत विवेचना करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

सहायक आयुक्त, जनजाति विभाग श्री इकबाल हुसैन आदिल द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के पीड़ितों को राहत राशि प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई। इस सेमिनार में डीएसपी अजाक वर्षा सोलंकी, अजाक थाना प्रभारी ी रामललन मिश्रा, उनि राजेश शाह, सउनि कामना फागना व जिले के विभिन्न थानों एवं चौकियों में पदस्थ लगभग 60 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

60 पुलिस व कर्मचारी शामिल हुए

साथ ही एफआईआर दर्ज करते समय अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की प्रमुख बारीकियों को भी स्पष्ट किया गया। सेमिनार के समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती शकुंतला रुहल ने समापन उद्बोधन में कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।